Bareilly Saturday
1 June 2024
BAREILLY EDITION

दैनिक जागरण inext

PAGE NO, 04, MIDDLE LEFT

तंबाकू का सेवन नहीं करने की शपथ दिलाई

कार्यक्रम में दी गई जानकारी.

विश्व तंबाकू निषेध दिवस

विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक से दी तंबाकू के दुष्परिणाम की जानकारी

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (31 May): एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में फ्राइडे को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया. आरआर कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में ऑंकोलॉजी विभाग की डॉ. हिमांशी खट्टर, डॉ. अभिषेक भद्दी, डॉ. ब्रजेश महेश्वरी, डॉ. पल्लवी गौड़, डॉ. लाया के सातियान, डॉ. अनिकेत जाधव, डॉ. संयमिता जैन, डॉ. अनीश एके, डॉ. सोमदत्ता सिंघा, डॉ. श्रद्धा श्रीवास्तव, डॉ. निहारिका जसूजा, डॉ. नितिन मालवीय, डॉ. श्वेता सिंह और डॉ. मिशा गर्ग ने नुक्कड़ नाटक के जरिये तंबाकू खाने से होने वाले दुष्परिणामों को बताया और इससे बचने के लिए जागरूक किया.

लोगों को किया अवेयर

कैंसर विशेषज्ञ प्रोफेसर डॉ. पियूष कुमार ने मरीजों और तीमारदारों को खुद तंबाकू न खाने और किसी अन्य को भी इसे न खाने से रोकने की शपथ दिलाई. डिप्टी मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. सीएम चतुर्वेदी ने सभी के सामने तंबाकू मसाले की पुड़िया निकाल कर डिब्बे में डाली और भविष्य में कभी तंबाकू न खाने की शपथ ली. उन्होंने कहा कि तंबाकू से मुंह के कैंसर के साथ ही खाने की नली का कैंसर, पेशाब की नली का कैंसर, फेफड़ों का कैंसर, किडनी का कैंसर हो सकते हैं. इस मौके पर मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. आरपी सिंह कहा कि तंबाकू जानलेवा है सभी लोग यह जानते हैं. इसके बाद भी इसका सेवन युवाओं में बढ़ता जा रहा है. शौक के लिए शुरू हुआ तंबाकू का सेवन गंभीर बीमारियों में कब बदल जाता है पता ही नहीं चलता. ऐसे जानलेवा शौक से बचना ही समझदारी है. डॉ. संयमिता जैन ने तंबाकू के दुष्परिणाम को बताया और इससे फैलने वाले कैंसर की जानकारी दी. इस मौके पर मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डॉ. एमएस बुटोला, डॉ. अरविंद चौहान, डॉ. पवन मेहरोत्रा, डॉ. आयुष गर्ग, डॉ. राशिका सचान, डॉ. आदादि श्रीनिवास नायडू, आरआर कैंसर इंस्टीट्यूट की टीम और स्टाफ मौजूद रहे.